**बरेली पुलिस**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 10.07.2025**

**थाना इज्जतनगर**

## थाना इज्जतनगर व एसओजी टीम #bareillypolice द्वारा चैन स्नेचिंग(छिनैती) की घटनाओं का सफल अनावरण कर एक अभियुक्त को 03 सोने की चैन,एक मोबाइल व एक मोटर साइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार।

थाना इज्जतनगर पुलिस द्वारा छिनैती की घटना के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 537/25 धारा 304(2) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त **हबीबुल हसन पुत्र अली हसन निवासी फरीदपुर चकोलर थाना कुंवरगाव जनपद बदायूं हाल निवासी एजाज नगर गौटिया करीम मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली** को 03 सोने की चैन, एक मोबाइल फोन व एक अदद मोटर साइकिल नं0 UP24AE5854 पैशन प्रो0 सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से तीन अदद सोने की चैन क्रमशः थाना इज्जतनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 537/25 धारा 304(2) बीएनएस, थाना बारादरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 724/25 धारा 307 बीएनएस, थाना सिविल लाइन्स जनपद बदायूं पर पंजीकृत मु0अ0सं0 273/25 धारा 304 बीएनएस से सम्बन्धित है। अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोतरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**दिनांक 04.06.2025 को समय करीव 23.00 बजे विष्णुधाम बीडीए कालोनी के पास से अज्ञात मोटरसाईकिल चालक द्वारा मोटरसाईकिल चलाते हुए वादिनी श्रीमती पूजा पत्नी जसवीर सिंह निवासी विष्णुधाम कालोनी बीडीए कालोनी थाना इज्जतनगर बरेली के गले की सोनी की चैन वादिनी से झपट्टा मारकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना इज्जतनगर पर मु0अ0सं0 537/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसके सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-** लूट/छिनैती के अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत थाना इज्जतनगर पर गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 10.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर विलयधाम पुल मौसमी लान के हाइवे साइड से अभियुक्त हबीबुल हसन पुत्र अलीहसन निवासी फरीदपुर चकोलर थाना कुंवरगाव जनपद बदायूं हाल निवास एजाज नगर गौटिया करीम मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली को मु0अ0सं0 537/25 धारा 304(2) बीएनएस से सम्बन्धित छीनी हुई चैन के अतिरिक्त अन्य दो सोने की चैन, एक मोबाइल फोन व एक मोटर साइकिल नं0 UP24AE5854 पैशन प्रो0 के साथ गिरफ्तार किया गया ।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-** अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैनें दिनांक 04/06/2025 की रात मे बजंरग ढाबा के आगे बीडीए कॉलोनी जाने वाले मार्ग पीलीभीत रोड से एक औरत की चैन छीन कर भाग गया था तथा दिनांक 14/06/2025 को समय लगभग 07.00 बजे शाम को जनपद बदायूं में जैन हास्पिटल के पास से एक औरत का चैन छीन कर भाग गय था। इसके अतिरिक्त दिनांक 30/06/2025 को समय लगभग 09.00 बजे रात में पवन विहार कॉलोनी हर्ष अस्पताल से एक औरत का चैन छीन कर भाग गया था। यही तीनों चैन मेरे पास है ।मैने अपनी मोटरसाईकिल से तीनों जगह घटना की थी तथा नम्बर प्लैट जान बूझ कर हटा दिया था ताकि पकडा ना जाऊ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**हबीबुल हसन पुत्र अली हसन निवासी फरीदपुर चकोलर थाना कुवर गाव जनपद बदायू हाल निवास एजाज नगर गौटीया करीम मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली।

**<u>अभियुक्त हबीबुल हसन का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0 537/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली ।
2. मु0अ0सं0 724/25 धारा 307 बीएनएस थाना बारादरी जनपद बरेली।
3. मु0अ0सं0 273/25 धारा 304 बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद बदायें।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>** 03 अदद सोने की चैन ,एक मोबाइल फोन व एक अदद मोटर साइकिल नं0 UP24AE5854 पैशन प्रो

**<u>पुलिस टीम का विवरणः-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बिजेन्द्र सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2.निरीक्षक श्री सुनील शर्मा प्रभारी एसओजी मय टीम।
3.उ0नि0 श्री रोहित कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
4.उ0नि0 श्री शिव कुमार मिश्र थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
5.है0का0 भवनेश सोनी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
6.हे0का0 पप्पूराम थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
7.का0 2829 निशू कुमार तिवारी, थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।